तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 27 अगस्त 2025



12 बादशाहपुर-माच्छरी-जुआं सड़क मार्ग बरसात में उखड़ा...



12 शहर की कुछ कालोनियों में बचे हुए अवैध हिस्से को भी वैध घोषित करे सरकार




## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने सिलाना गांव से एक युवक को एक अवैध पिस्तौल व दो गोली सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सिलाना गांव में एक युवक अपने पास पिस्तौल लिए हुए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व पिस्तौल की मैगजीन में दो गोलियां बरामद की। युवक की पहचान फरमाना निवासी राहुल के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

### जम्मू-कश्मीर जैसे बन गए हरियाणा के हालात

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक इन्दुराज नरवाल (भालू) ने मंगलवार को विधानसभा में प्रदेश में अपराधिक घटनाओं को लेकर सत्ता पक्ष पर धावा बोला। इस मुद्दे को उन्होंने जोरदार तरीके से उठाया।

इंदुराज नरवाल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ती अपराधिक घटनाएं किसी से छुपी नहीं हैं। प्रदेश में रोजाना हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती, फिरौती और स्नेचिंग जैसी अपराधिक घटनाएं घटित हो रही हैं।

### जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे मिड डे मील कार्यकर्ता

**सोनीपत।** हरियाणा मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन की प्रधान राजबाला ने बताया कि एआईयूटीयूसी ऑल इंडिया कमेटी के आह्वान पर 4 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन पकाने से लेकर बर्तन साफ करने तक का पूरा दिन काम करती हैं, फिर भी उन्हें श्रमिक का दर्जा और न्यूनतम वेतन नहीं मिलता। कार्यकर्ताओं को साल में केवल 10 माह का मानदेय दिया जाता है, जिसमें से केंद्र सरकार कई माह से 1000 प्रति माह का भुगतान नहीं कर रही है।

### घिलौड़ के युवक का ड्रेन की पटरी पर मिला शव

**गोहाना।** रोहतक के गांव घिलौड़ के युवक का शव गोहाना में चोपड़ा कालोनी के निकट ड्रेन आठ की पटरी पर मिला। आसपास के लोगों ने शव देखकर पुलिस का सूचना दी। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टता युवक की मौत हार्ट-अटैक आने से लग रही है लेकिन सही कारणों को पता विसरा रिपोर्ट आने के बाद लग पाएगा। लगभग 32 साल का प्रदीप किराना की दुकान चलाता था। वह सोमवार को किसी काम से गोहाना आया था।

### रेलवे का दावा, यह क्षेत्र पीडब्ल्यूडी के अंडर, अफसरों ने नकारा

# ये तो कमाल हो गया, ओवरब्रिज पर पैच वर्क का काम हुआ, किसने किया पता नहीं

- बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं ये गड्ढे, विभागीय अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

*सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आज कुछ नकाबपोश युवकों ने भर दिए गड्ढे युवकों ने कुछ भी बताने से किया इंकार, चर्चा का विषय बन गया है काम*

दीपक वर्मा ▶▶ सोनीपत

रोहतक रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार को कमाल हो गया। आरओबी पर बने गड्ढों से निकल रहे सरिए को लोगों की नजर से छिपाने के लिये पैचवर्क हो गया। कमाल ये नहीं है कि पैचवर्क हुआ है, कमाल इस बात का है कि पैचवर्क किसने किया है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। क्योंकि आरओबी के जिस हिस्से में ये गड्ढे बने हुए थे, उस हिस्से को लेकर पीडब्ल्यूडी और रेलवे दोनों ही अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। पीडब्ल्यूडी का कहना है कि आरओबी का यह हिस्सा उनके अधिकार में नहीं है, जबकि रेलवे का कहना है कि यह हिस्सा पीडब्ल्यूडी के पास है। इसी उलझन में मंगलवार को कुछ युवकों ने इन सरिए निकले गड्ढों को खासतौर पर निशाना बनाते हुए पैच वर्क कर दिया। पैचवर्क ऐसा कर दिया कि आरओबी पर गड्ढे तो बने हुए हैं, लेकिन ये सरिये नहीं दिखाई देंगे। जब इस पैचवर्क के बारे में रेलवे और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से बात की गई तो दोनों ने ही पैचवर्क को नकार दिया। दोनों का कहना था कि यह हिस्सा उनके अधिकार क्षेत्र में ही नहीं है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब आरओबी पीडब्ल्यूडी के पास है और रेलवे लाइन के ऊपर का हिस्सा रेलवे के पास है और दोनों ही विभाग पैचवर्क से इंकार कर रहे हैं तो इस पैचवर्क को करवाया किसने। इतना ही नहीं जब मौके पर पैचवर्क कर रहे युवकों से बातचीत करनी चाही तो उन्होंने भी कुछ बताने से इंकार कर दिया।



**सोनीपत।** आरओबी पर जिस हिस्से में सरिये निकले हुए थे, उन हिस्से पर पैचवर्क करते हुए नकाबपोश युवक।



आरओबी पर गड्ढों से निकले सरिये।

### दो आरओबी में से एक आरओबी है बंद

रोहतक रोड पर पुराना रेलवे ओवरब्रिज 33 साल पहले बनाया गया था। वर्ष 1992 में आरओबी बनाया गया था। वर्ष 2014 में इसके दूसरे हिस्से का निर्माण किया गया था, ताकि यातायात का दबाव कम किया जा सके। हालांकि, समय के साथ पुराना आरओबी जर्जर होता चला गया। वर्ष 2023 में इस आरओबी की मरम्मत करवाई गई थी, उस समय रुड़की आइआइटी की टीम ने आरओबी का सर्वे किया। करीब एक साल बाद आई सर्वे रिपोर्ट में इसे कंडम घोषित कर दिया था। इसके बाद वर्ष 2024 के अंत में भारी वाहनों की आवाजाही पुराने हिस्से से बंद कर दी गई थी। अभी कुछ समय पहले इस आरओबी से हल्के वाहनों की आवाजाही भी बंद कर दी गई थी।

### नए आरओबी पर बढ़ गया है दबाव

पुराने हिस्से पर यातायात बंद होने के बाद पूरा दबाव नए आरओबी पर बढ़ गया था। रोहतक और खरखौदा की तरफ से जाने वाले हजारों वाहन रोजाना इससे गुजरते हैं, जिससे इसकी स्थिति भी तेजी से बिगड़ने लगी। 2025 के शुरुआत में विभाग ने निर्माण सामग्री की जांच भी करवाई थी, मगर हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। अब गड्ढों से निकलते सरिए वाहन चालकों और राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। हालात यह हैं कि गड्ढों से निकल रहे सरिए वाहन चालकों के लिए हादसों का कारण बने हुए हैं।

### हो सकता है बड़ा हादसा

आरओबी से गुजरते वक्त वाहन चालकों को हमेशा डर का सामना करना पड़ता है। अगर किसी वाहन का टायर गड्ढे में फंस जाए या बाहर निकले सरिए से टकरा जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक है। रोहतक रोड आरओबी की मौजूदा हालत यह साफ कर रही है कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने मांग की है कि आरओबी की तुरंत मरम्मत की जाए और कंडम घोषित किए गए ओवरब्रिज का निर्माण शुरू किया जाए।

### भारी वाहनों के लिए पहले ही बंद कर दिया था

रोहतक रोड पर पुराने आरओबी को भारी वाहनों के लिए पहले ही बंद कर दिया था। सभी वाहन नए आरओबी से गुजर रहे हैं। आरओबी पर जहां से सरिए निकल रहे हैं, वह उनके क्षेत्र से बाहर है। इसके लिये पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को मैसेज भी दे दिया गया था।

**-नरेश कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, रेलवे**

### जो अधिकार क्षेत्र में आता था उस पर किया था कार्य

आरओबी का जो हिस्सा हमारे अधिकार क्षेत्र में आता था, उस पर मरम्मत कार्य कर दिया गया था। जहां सरिए निकल रहे हैं, वह हिस्सा रेलवे के अधीन है, क्योंकि यह हिस्सा रेलवे लाइन के बिल्कुल ऊपर है।

**-पंकज गौड़, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी, सोनीपत।**

# 420 वर्गमीटर में बनाए थे 12 अवैध कमरे, किए ध्वस्त



**सोनीपत।** अवैध निर्माण को गिराते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) ने मंगलवार को गांव बड़वासनी की राजस्व भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि एसएमडीए की टीम ने अतिरिक्त नियंत्रित क्षेत्र में लगभग 420 वर्ग मीटर जमीन पर बनाए गए करीब 12 अवैध रिहायशी कमरों को तोड़फोड़ कर गिरा दिया।

नीलम शर्मा ने आमजन से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें, क्योंकि ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा सड़क, पानी, सीवरेज और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पहले यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व एसएमडीए के सीईओ से अनुमति लेना अनिवार्य है, अन्यथा अवैध निर्माण को कभी भी गिराया जा सकता है। तोड़फोड़ की कार्रवाई ड्यूटी मैजिस्ट्रेट एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीई राकेश कुमार, एसएमडीए इंफोर्समेंट टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में की गई।

## लोहे की सीढ़ियों से गिरकर दस साल की बच्ची घायल, गंभीर हालत के चलते पीजीआई रेफर

**सोनीपत।** बारिश के चलते लोहे की सीढ़ियों से नीचे उतर रही दस साल की बच्ची नीचे गिरकर घायल हो गई। घायल को लेकर परिजन नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां उसकी हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में घायल का उपचार करवाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बहालगढ़ निवासी कन्नू सोमवार देर शाम सीढ़ियों से चढ़कर छत पर चली गई। कुछ देर बाद बारिश होने लगी। वह सीढ़ियों से नीचे उतरते समय नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर होने के चलते पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों ने बताया कि सीढ़ियां बारिश के चलते गीली हो चुकी थी। जिससे उसका उतरते समय पैर फिसल गया।

# तेज रफ्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकराई, हादसे में एक की मौत, पांच घायल

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा, गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- गाजियाबाद से मुरथल ढाबे पर खाना-खाने आए थे सभी, वापस लौटते समय हुए हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार सेवरले गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा टकराई। हादसे में कार में सवार पांच दोस्त घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य को उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

परिजन उन्हें निजी अस्पताल में ले गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को




सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

उत्तर प्रदेश निवासी आदिल ने बताया कि उसका भाई हारून (31) ऑटो चलाता था। वह अपने दोस्त मनोज, अहसान व अन्य के साथ मुरथल ढाबे पर खाना-खाने के लिए आया था।

गाड़ी को मनोज चल रहा था। ढाबे पर खाना-खाने के बाद वापस गाजियाबाद लौट रहे थे। उसे जानकारी मिली कि मनोज गाड़ी को लापरवाही से चल रहा था। बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास सेवरले गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा टकराई। हादसे में गाड़ी में सवार मनोज सहित पांच अन्य घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसके भाई हारून को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। परिजन उन्हें अलग-अलग निजी अस्पताल में ले गए।

जहां उनका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। पुलिस ने मृतक के भाई आदिल के बयान पर आरोपित गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी अरुण बसंल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हादसे में आरोपित गाड़ी चालक भी घायल है। जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### चरस सहित आरोपित काबू, अदालत में पेश

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण अभियान के तहत मादक पदार्थ तस्करी की घटना में संलिप्त एक आरोपित को 2 किलो 402 ग्राम चरस की वाणिज्य मात्रा सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जयभगवान उर्फ भेड़ा निवासी गांव घड़वाल, गोहाना, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। सहायक उप निरीक्षक सुनील अपनी टीम के साथ गश्त एवं मादक पदार्थ तलाश के दौरान गांव कोहला मोड़, गोहाना-जींद रोड पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस को खुफिया सूचना मिली कि जयभगवान उर्फ भेड़ा चरस बेचने के लिए निकलेगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव घड़वाल में दबिश दी। मौके पर आरोपित अपने घर से एक थैला लेकर निकल रहा था। पुलिस को देखकर वह घर की ओर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए चलाया अभियान




**सोनीपत।** जागरूकता रैली के दौरान मौजूद चिकित्सक व अन्य।

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में कलसा के गांव सिली, भैरव, बांकीपुर और मनौली टोंक में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. अनीता की अध्यक्षता में कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई। वहीं, स्कूली बच्चों, आशा वर्करों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सहायता से गांव में रैली भी निकाली गई। गांव सेवली में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान डा. अनीता कौशिक ने कहा कि यदि बेटियों की संख्या घटती रही तो समाज में विवाह जैसी बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लिंग जांच करवाना और कन्या भ्रूण हत्या करना अपराध है और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए भी यह जोखिमपूर्ण है। इस मौके पर एजुकेटर राजेश कुमार ने कहा कि बेटियां पढ़-लिखकर अपने माता-पिता का सहारा बनती हैं और बुढ़ापे में उनका सहारा करती हैं। बेटियां दो परिवारों का नाम रोशन करती हैं। कार्यक्रम में सरपंच नीरज भैरव, जयराम शर्मा (बांकीपुर), सरपंच अंशु देवी (मनौली टोंकी), डा. अनमोल शर्मा, रितु, निशा, संदीप, रविंद्र, शबनम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### साइबर ठगी : दो महिलाओं व एक युवती के खातों से निकाले 11.14 लाख

**सोनीपत।** साइबर अपराधियों ने एक युवती और दो महिलाओं को निशाना बनाकर उनके खातों से 11.14 लाख रुपये उड़ा लिये। अलग-अलग घटनाओं में ठगों ने टास्क पूरा करने का झांसा देकर व मोबाइल हैक कर खातों से रकम निकाल ली। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर थाना व सिटी थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोहाना निवासी चिंकी ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि ऑनलाइन टास्क पूरा करने पर मुनाफा कमाने का लालच देकर उनके साथ ठगी की गई है। दूसरे मामले में खरखौदा निवासी प्रीति ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि उनका मोबाइल साइबर ठगों ने हैक कर लिया। उसके बाद महिला के बैंक खाते पर नियंत्रण कर लिया गया और खाते से 6.62 लाख रुपये गायब कर दिए गए। जब तक महिला को इसकी भनक लगी, तब तक राशि निकाल ली गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# म्यूर विहार में सीवर लाइन बंद, गलियों में भरा पानी



**सोनीपत।** गली में भरा सीवर लाइन का पानी को लेकर विरोध जताते स्थानीय निवासी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत के मयूर विहार गली नंबर 14 में सीवर लाइन बंद होने से गली में पानी भर गया है, जिससे कॉलोनीवासियों को भारी परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कॉलोनी निवासियों के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम सोनीपत में स्वच्छता अभियान शुरू होने के बावजूद कॉलोनियों में गंदगी का अंबार है और शिकायत करने के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। बड़वासनिया ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो गोहाना रोड पर धरना दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनता की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन शहरभर में गंदगी और जलभराव की समस्याएं लोगों की परेशानी बढ़ा रही हैं। बारिश के कारण जगह-जगह सड़कें टूट गई हैं और ककरोई रोड पर बने बड़े गड्ढों में पानी भरने से कई लोग चोटिल हो चुके हैं।

### करंट लगने से झुलसा राजमिस्त्री, गंभीर हालत के चलते पीजीआई रेफर

**सोनीपत।** शहर के मोहन नगर में काम करते समय राजमिस्त्री को करंट लग गया। जिसके चलते उसकी हालत गंभीर बन गई। मिस्त्री को लेकर परिजन नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी मिली है कि मोहन नगर निवासी सुनील सुनील राजमिस्त्री का काम करता है। वह देर शाम कुछ काम कर रहा था। उसी दौरान बिजली लाइन की तारों से संदिग्ध हालत में लोहे का पोल टकरा गया। जिससे वह घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मिस्त्री के बयानों पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### सूदखोरों पर शिकंजा कसने के लिए सोनीपत पुलिस का बड़ा अभियान

# ब्याज पर पैसे देने वालों की खैर नहीं पुलिस ने शुरू किया अभियान

*लोगों को कर्ज देकर मोटा ब्याज वसूलने और शोषण करने वाले लोगों के खिलाफ चलेगा अभियान*

**15 विशेष टीमें की गठित**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ सोनीपत

जिले में जरूरतमंद लोगों को ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज देकर जाल में फंसाने वाले सूदखोरों पर अब पुलिस ने कड़ा शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। अक्सर गरीब और असहाय लोगों को ऊंचे ब्याज पर कर्ज देकर शोषण करने वाले ऐसे लोग मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना तक देने से नहीं चूकते, जिसके चलते कई बार पीड़ित आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाते हैं। इन गंभीर घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सोनीपत पुलिस ने जिले में सूदखोरी पर रोक लगाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। पुलिस उपायुक्त (क्राइम) नरेंद्र कादयान ने बताया कि हाल ही में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें सूदखोरों द्वारा जरूरतमंदों को प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा कि किसी को भी अवैध तरीके से ऊंचे ब्याज पर कर्ज देकर लोगों का शोषण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस तरह की हरकतों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी क्राइम ने जानकारी दी कि पुलिस ने सूदखोरों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए 15 विशेष टीमें गठित की हैं। ये टीमें लगातार जिले में छानबीन कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगी और छापेमारी कर ऐसे लोगों को गिरफ्तार करेंगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गैरकानूनी लेन-देन में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### गोपनीय रखी जाएगी शिकायत





आमजन से अपील करते हुए पुलिस ने कहा कि लोग सूदखोरों के चंगुल में न फंसें और आवश्यकता पड़ने पर केवल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बैंक और वित्तीय संस्थानों से ही सस्ता और सुरक्षित कर्ज लें। साथ ही यह भरोसा दिलाया गया है कि यदि किसी व्यक्ति को सूदखोरों द्वारा परेशान किया जा रहा है, तो वह सीधे थाना, चौकी या हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।

लाइफ Style



# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आईं हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।


कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।

हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में



आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।

## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

**खबर संक्षेप**

## स्टोरी टेलिंग में तन्वी व पायल रही अग्रणी



**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय कला उत्सव में शानदार प्रदर्शन किया। स्टोरी टेलिंग में तन्वी पुत्री देवेंद्र और पायल पुत्री बृजमोहन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। माइन क्रिएशन में अनुराधा पुत्री संजय, अनुष्का पुत्री नरेंद्र, दिव्या पुत्री संदीप और खुशी पुत्री सतपाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। थ्री डी पेंटिंग मे मीनाक्षी पुत्री जयपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल शास्त्रीय नृत्य में अनुष्का पुत्री सुनील ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## आईटीआई में मनाएंगे कौशल विकास पखवाड़ा



**गन्नौर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राजलुगढ़ी में कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार 22 से 4 सितम्बर तक कौशल विकास पखवाड़ा मनाया जा रहा है। संस्थान में स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग एवं उद्यमिता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के छात्र-छात्राएं इन गतिविधियों में बड़े उत्साह से भाग ले रहे हैं। इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि संस्थान में आईईसी कमेटी o समस्त स्टाफ के सहयोग से अब तक स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया जा चुका है।

## बुजुर्ग ने पेंशन दोबारा शुरू करने की मांग की

**रोहतक।** जनता कॉलोनी निवासी एक बुजुर्ग ने सरकार से अपनी पेंशन दोबारा शुरू करवाने की मांग की है। सीएम नायब सिंह सैनी को भेजी गई शिकायत में महेश कुमार ने बताया कि वह बुजुर्ग होने के साथ-साथ 90 प्रतिशत विकलांग है। अप्रैल 2022 से उसकी पेंशन विभाग द्वारा बंद कर दी गई है। कारण बताया गया है कि उनकी आय बढ़ गई है। जबकि उनकी सभी कागजात पूरे हैं। वह इस मामले में एडीसी सहित अन्य अधिकारियों से मिल चुके हैं।

## सत्यपाल मलिक की श्रद्धांजलि सभा 5 को

**महम।** किसानों और कमेरों की आवाज बुलंद करने वाले पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सत्यपाल मलिक की याद में महम के चौबीसी चबूतरे पर 5 सितंबर को एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। सर्वजातिय सर्वखाप पंचायत के प्रधान अनिल राठी, मोखरा तपा के प्रधान रामकिशन मलिक व महासचिव मास्टर रामफल ने बताया कि सुबह दस बजे चबूतरे पर हवन किया जाएगा।

## मांगों को लेकर कर्मियों ने जताया रोष

**सांपला।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने मंगलवार को पब्लिक हेल्थ कार्यालय में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता प्रधान सज्जन सिंह ने की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। सरकारों ने बार-बार आश्वासन देकर गुमराह कर रही है।

# हिमांशी ने गोला फेंक में किया कमाल, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

## सेक्टर 4, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री के साथ विजेता खिलाड़ी हिमांशी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल की छात्रा हिमांशी ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अंडर-19 आयु वर्ग की गोला फेंक स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनके दमदार खेल को देखते हुए उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम में किया गया है। अब हिमांशी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल प्रतिभा का लोहा मनवाएगी। स्कूल पहुंचने पर साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने हिमांशी को जीत की बधाई दी और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता सोनीपत के सेक्टर-4 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल से 12वीं कला संकाय की छात्रा हिमांशी ने अंडर-19 आयु वर्ग में भाग लिया और 8.10 मीटर तक गोला फेंककर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हिमांशी ने अपने शानदार खेल से सबका ध्यान आकर्षित करते हुए राज्य स्तर के लिए स्थान पक्का किया। हिमांशी ने अपनी जीत का श्रेय स्कूल प्रबंधन, माता पिता और कोच को दिया है। उन्होंने कहा कि स्कूल में मिले बेहतर माहौल और खेल सुविधाओं से ही वह इस मुकाम तक पहुंची हैं।

**सरकार ने जारी किया ये आदेश**

चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कहा कि हिमांशी इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा साबित चुकी है और अपने खेल कौशल से विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि हमारे विद्यालय की छात्राओं का खेलों में आगे बढ़ना गर्व की बात है। हिमांशी का प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा है। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा और कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने हिमांशी की सफलता की कामना की।

**ओरिएंटेशन प्रोग्राम में छात्राओं ने लिया हिस्सा**



**सोनीपत।** टीका राम कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट-I और यूनिट-II की ओर से ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या कंचन सिद्धर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनएसएस के मूल मंत्र 'नोट मी बट यू' को जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन इंचार्ज दीपशिखा और डॉ. आशा रानी ने किया।

### मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजन

# खंड स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

### पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहें

जिला विज्ञान विशेषज्ञ ने बच्चों को प्रेरित कर पर्यावरण बचाव का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन, सोनीपत में खंड स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान ने की, जबकि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन के प्रधानाचार्य संजीव दहिया ने नोडल अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रदर्शनी में खंड के सभी उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 80 मॉडल प्रस्तुत किए गए। कुल 39 विद्यालयों ने इस प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने पर्यावरण संबंधी विषयों पर आधारित मॉडल बनाए, जिन्हें देखकर जूरी सदस्य भी प्रभावित हुए। ज्यादातर विद्यार्थियों ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विधि का प्रयोग कर मॉडल बनाए और उन्हें प्रदर्शित किया, जो उनकी रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रमाण था। जूरी सदस्यों में महावीर पीजीटी भौतिकी, सुनीता ढुल्ल पीजीटी भूगोल और वर्षा पीजीटी भौतिकी शामिल थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीआरसी कार्यालय और विद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बीआरसी कार्यालय से सुनीता बीआरपी ने खंड कार्यक्रम समन्वयक, मंजू बीआरपी, मोनिका एबीआरसी ने मंच संचालन, शशि प्रभा बीआरपी, कमलेश बीआरपी, सुनील सरोहा एबीआरसी, संगीता, अंजु बाला एबीआरसी और सभी स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदर्शनी में खंड स्तर के शीर्ष 15 मॉडल जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने बच्चों को प्रेरित करते पर्यावरण बचाव के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।


**सोनीपत।** प्रदर्शनी के दौरान मौजूद विभागीय अधिकारी एवं विद्यालय स्टाफ।


**खरखौदा।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते खंड शिक्षा अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

## खरखौदाः खंड स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी में चौबीस टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खंड स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन पीएम श्री राजकीय वममावि खरखौदा में किया गया। इसमें 23 विद्यालयों व मेजबान विद्यालय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण विषय पर नवाचारी मॉडल्स के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यार्थियों को नवीनतम खोजों, उनके अन्दर छिपी हुई सृजनात्मक एवं निर्माण क्षमता को जागृत करने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने अपने प्रोजेक्ट और विज्ञान पर आधारित उपकरणों में पर्यावरण संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग, पौधारोपण, विद्युत उत्सर्जन एवं उर्जा का रूपांतरण से संबंधित उपकरण एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा से सम्बंधित चीजों का प्रारूप प्रदर्शित किया।

**वैशाली ने प्रथम**

प्रदर्शनी में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा वैशाली ने प्रथम स्थान पाया। वहीं पीएमश्री राजकीय वमावि खरखौदा के छात्र जतिन ने द्वितीय, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा की छात्रा करीना ने तृतीय तथा पी एम श्री राजकीय वमावि फरमाना की छात्रा मुस्कान ने चतुर्थ (सांत्वना) पुरस्कार प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। प्रदर्शनी की अध्यक्षता व स्वागताध्यक्ष की भूमिका राजकीय वमावि बिधलान के प्राचार्य दीपक आंतिल ने निभाई। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों से पर्यावरण के पक्षधर पोषक एवं सजग संवाहक बनने का आह्वान किया।


**सोनीपत।** कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

# खाद्य संरक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन

- उद्यमिता पखवाड़ा के तहत कालेज के होम साइंस विभाग ने करवाई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज में जारी उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को खाद्य संरक्षण विषय पर कार्यशाला का सफल आयोजन करवाया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने आयोजन की सफलता पर बधाई देते हुए खाद्य संरक्षण के विषय में जानकारी हासिल करने पर बल दिया। जीवीएम के होम साइंस विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में विभागाध्यक्ष मोनिका चांदना ने खाद्य संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने खाद्य पदार्थों को संरक्षित करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी ताकि हम सुरक्षित रूप में बिना कैमिकल के खाद्य पदार्थों का दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकें। उन्होंने मौके पर ही अलग-अलग प्रकार के जैम, अचार, स्कवैशिज और चॉकलेट बनाने का प्रशिक्षण भी दिया। उन्होंने कहा कि इसे स्टार्टअप के रूप में अपनाकर स्व-रोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। सहयोगी प्राध्यापिकाओं दिव्या, पूनम और प्रिया ने बताया कि एक दिवसीय कार्यशाला में 98 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर इनोवेशन सैल की सदस्य प्राध्यापिकाएं डा. संगीता सिंह, सुनीता धवन और डा. प्रगति विशेष रूप से उपस्थित रही।

## प्रधान पद के लिए वीरेंद्र और धर्मबीर आमने-सामने

**खरखौदा।** एजुकेशन सोसायटी खरखौदा के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। जिसके अंतर्गत मंगलवार को चुनावी मैदान में डटे प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दिया जाना था। चुनाव की जो स्थिति बनी है उसके अनुसार अब केवल प्रधान पद पर आमने-सामने का मुकाबला है। जबकि उपप्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष व ग्यारह कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हो गया है। बहरहाल प्रधान पद के लिए वीरेंद्र और धर्मबीर दहिया में सीधा मुकाबला है। उनकी प्रधानी का फैसला 11 सितंबर को मतदान से होगा।

# डिप्टी सिविल सर्जन ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


अस्पताल में कार्यक्रम के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य।

जिला सोनीपत में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ नागरिक अस्पताल सोनीपत में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने बच्चों को अपने हाथों से एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों तथा 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की प्रजनन आयु की महिलाओं को दवा खिलाई जाएगी। इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन (आरकेएसके) ने भी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। स्पेशल होम में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डिप्टी सिविल सर्जन (आरकेएसके) एवं जेल अधीक्षक बी.एस. यादव ने बच्चों को दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान डा. सोनिया राठी (आरबीएसके), डा. पंकज सांगवान (आरबीएसके), मुकेश छिक्कारा (काउंसलर), सुरेंद्र (एसटीआई काउंसलर), मिस राधा (एसएसके), सुभाष (फार्मासिस्ट) व रीना एएनएम (आरबीएसके) मौजूद रहे।

# गतिविधियों से जुड़कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभाएं: पुनीत

- वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं रोट्रैक्ट क्लब पिन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** पौधारोपण करते क्लब के पदाधिकारी, सदस्य साथ में विद्यालय स्टाफ।

रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट के सौजन्य से ब्राइट स्कॉलर्स स्कूल, सोनीपत में वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं रोट्रैक्ट क्लब पिन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण से हुआ, जिसमें रोटरी क्लब के पदाधिकारियों, विद्यालय के अध्यापकों एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके उपरांत रोट्रैक्ट क्लब पिन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवनियुक्त रोट्रैक्ट सदस्यों को पिन पहनाकर उन्हें समाजसेवा, युवा नेतृत्व और सामुदायिक उत्थान हेतु कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट के अध्यक्ष पुनीत जग्गा ने कहा कि वृक्षारोपण जैसे छोटे प्रयास भी भविष्य की पीढ़ियों के लिए बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रोट्रैक्ट क्लब जैसी गतिविधियों से जुड़कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभाएं। प्राचार्या किरण दलाल व स्टाफ सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशु शालिनी नागपाल ने की।

**ये रहे मौजूद**

सचिव अंकुश शर्मा, वंदना जग्गा, सुनील मनचंदा, विजय कुमार, पूजा रानी, डॉ. सुनील कश्यप, आशु, शालिनी आदि मौजूद रहे।

# अंडर-14 में पूर्वी ३२ किलोग्राम में प्रथम

### जिला स्तरीय जूडो खेल-कूद प्रतियोगिता में इंडियन स्कूल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** विजेता प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

हाल ही में सम्पन्न हुई स्कूली जिलास्तरीय जूडो खेल-कूद प्रतियोगिता में इंडियन स्कूल सोनीपत जूडो अकादमी के 22 जूडो खिलाड़ियों ने अंडर-14 में पूर्वी 32 किलोग्राम में प्रथम, पावनी ने 36 किलोग्राम में प्रथम, हिमांक ने 50 किलोग्राम में प्रथम, अंडर-17 में मुस्कान ने 52 किलोग्राम में प्रथम, सृष्टि ने 57 किलोग्राम में प्रथम, लवनीत ने 63 किलोग्राम में प्रथम, अंश ने 50 किलोग्राम में प्रथम, गर्वनीत ने 55 किलोग्राम में प्रथम, तपस्वी ने 60 किलोग्राम मे प्रथम, शौर्य ने 66 किलोग्राम में प्रथम, अंडर-19 में जया ने 48 किलोग्राम में प्रथम, वंशिका ने 57 किलोग्राम में प्रथम, निखिल ने 50 किलोग्राम में प्रथम, रमन ने 60 किलोग्राम में प्रथम, तुषार ने 73 किलोग्राम में प्रथम और इशान ने 81 किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय, माता-पिता और कोच का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्राचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने विजेता खिलाड़ियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य के अलावा सरपंच बहादुर सिंह, भूपेन्द्र सांगवान, सुरेन्द्र शास्त्री एवं अध्यापक सदस्य उपस्थित रहे।

**निर्देश** — नगर निगम में मेयर और आयुक्त ने कबाड़ी दुकानदारों की ली बैठक

# कबाड़ी दुकानदार अपनी दुकानों के आगे ज्यादा कूड़ा इकट्ठा ना करें : जैन

आगामी 11 सप्ताह तक हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद मेयर, निगम आयुक्त एवं दुकानदार।

घर-घर से कबाड़ इकट्ठा करके बेचने वाले कबाड़ी दुकानदार स्वच्छता अभियान में सहयोग दें, क्योंकि जन भागीदारी के बगैर स्वच्छता संभव नहीं है। कबाड़ी दुकानदार अपनी दुकानों के आगे ज्यादा कूड़ा इकट्ठा ना करें और कबाड़ का उठान जल्दी करें, बचा हुआ कूड़ा निगम की गाड़ियों में डालें। मंगलवार को नगर निगम मेयर राजीव जैन तथा आयुक्त हर्षित कुमार ने शहर के कबाड़ी दुकानदारों की बैठक में उक्त निर्देश दिए। राजीव जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर आगामी 11 सप्ताह तक हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि जब तक हर व्यक्ति स्वच्छता अभियान को लेकर अपने दिल से नहीं जुड़ेगा तब तक पूरा शहर स्वच्छ नहीं हो सकता। आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि अभियान के तहत सरकारी एवं निजि कार्यालयों में सफाई, चौक चौराहों की सुंदरता, गढ़ों को भरना, खाली प्लाटों का कूड़ा उठाना, पौधारोपण करना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान, नालों एवं तालाबों की सफाई, सफाई मित्र जोड़ने का अभियान, गलियों एवं सड़कों की सफाई, आवारा पशुओं को पकड़ने जैसे अभियान चलाये जायेंगे।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में सह आयुक्त मीतू धनखड़, मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह, सतेंद्र दहिया, कार्यकारी अभियंता अजय निराला, दुकानदारों में श्याम छाबड़ा, टिंकू, भीम छाबड़ा, जय सिंह, सन्नी, दीपक खन्ना, पप्पू, बलवान, अनिल दहिया, विजय, भगवानदास, बलवान, ओमप्रकाश, नरेश, तिलक, मुन्ना, सोनू आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बाबा कॉलोनी में जलभराव से बीमारियों का खतरा

**सोनीपत।** बाबा कॉलोनी में पानी निकासी की समस्या के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी की गलियों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। गंदे पानी के ठहराव के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि कई दिनों से लगातार शिकायत करने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### अलग-अलग स्थानों से युवती व महिलाएं लापता

**सोनीपत।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में संदिग्ध परिस्थितियों में महिलाओं के लापता होने और अन्य मामलों में पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में 45 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति पर अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुंडली पेपर मिल के पास से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। थाना कुंडली पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर आरोपी काबू

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने गांव टिकौला में घर के अंदर घुसकर दो युवकों के सिर में चोट मारकर घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महिला को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### शिविर में 104 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य



**गोहाना।** गांव बरोदा में बाबा ढाब वाला मंदिर में मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया शिविर में 104 ग्रामीणों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। ग्रामीणों के सहयोग से यह शिविर बरोदा विकास समिति के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। रक्तदान शिविर के लिए सानिध्य बाबा अमरदास जी महाराज, महंत गौतम गिरी जी महाराज और राम गिरी जी महाराज का रहा। मुख्य अतिथि डीसीपी गोहाना भारती डबास थीं। विशिष्ट अतिथि विजय मोर रहे। अध्यक्षता उधम सिंह मोर और विकास मोर ने की। संयोजन सतीश सैनी का रहा। आयोजक समिति में जगविंद्र मोर, पूर्व सरपंच लीला, वजीर भाटिया, जसविंद्र मोर, जोगेंद्र मोर और अंकित मोर शामिल रहे।

---

ठेकेदार पर घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

# बादशाहपुर-माच्छरी-जुआं सड़क मार्ग बरसात में उखड़ा, ग्रामीणों में रोष

## प्रशासन से जांच व मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के बादशाहपुर-माच्छरी-जुआं सड़क मार्ग की हालत पहली ही बारिश में बिगड़ गई है। तीन माह पहले लाखों रुपये की लागत से इस सड़क का चौड़ीकरण और मरम्मत कराया गया था, लेकिन बारिश के बाद जगह-जगह से सड़क उखड़ गई। सड़क पर गड्ढे और रोड़-बिजरी उखड़ने से ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए रोष प्रदर्शन किया। जुआं गांव के सरपंच सुरेंद्र, रामेहर, सतीश, बिजेंद्र, महिपाल, दिनेश, पवन और मुकेश ने कहा कि सरकार और प्रशासन ने सड़क निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए।

रोष-प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण





### वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का खतरा

ठेकेदार ने कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया। यही कारण है कि पहली बारिश में ही सड़क मार्ग की परत उखड़ने लगी और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान भी कई बार उन्होंने गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे, लेकिन उनकी बात को नजरअंदाज कर दिया गया। जगह-जगह बने गड्ढों से वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर मरीजों तक को सफर में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

### सड़क की जल्द मरम्मत नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

रोष प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क निर्माण की जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जानी चाहिए और सड़क का फिर से पक्का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

---

# आशा वर्करों को सात महीने से मानदेय न देना दूर्भाग्यपूर्ण : सैनी

5 अगस्त से धरना जारी, कोई सुनवाई नहीं



**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद आशा वर्कर्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की सह सचिव सुमन सैनी ने कहा कि आशा वर्करों को पिछले सात महीने से मानदेय न मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त से सिविल सर्जन कार्यालय सोनीपत पर धरना-प्रदर्शन चल रहा है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सुमन सैनी ने कहा कि सरकार 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा देती है, जबकि आशा वर्करों को उनका मेहनताना न देना इस नारे की पोल खोलता है। आशा वर्करों को 6100 रुपये मासिक मानदेय मिलता है, जिसका एक हिस्सा केंद्र और एक हिस्सा राज्य सरकार देती है, लेकिन सात महीने से भुगतान न होने के कारण परिवार आर्थिक तंगी झेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि इस स्थिति को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### सैंकड़ो आशा वर्करों ने प्रदर्शन में भाग लिया

मानदेय न मिलने से बच्चों के स्कूलों से नाम काटे जा रहे हैं, बिजली के बिल का भुगतान न होने पर कनेक्शन काटने की तैयारी हो रही है, दुकानदारों ने उधार राशन देना बंद कर दिया है। धरने की अध्यक्षता मीना ने की, जिसमें गन्नौर सीएचसी की सैकड़ों आशा वर्करों ने हिस्सा लिया।

### ऑनलाइल काम का दबाव बनाने का भी आरोप

नियन नेताओं मीना, रेखा, पिंकी, शीमा और सुमन ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग का पूरा बोझ आशा वर्करों पर डाला जा रहा है। उन्हें लगातार नए काम सौंपे जा रहे हैं और ऑनलाइन काम का दबाव भी बढ़ाया जा रहा है।

---

जयंती प्रसाद डीएवी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

# विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जयंती प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, गन्नौर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। डॉ. किरण दलाल और डॉ. अभिलाषा कादियान उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक जीवनशैली में तनाव प्रबंधन, आत्म-नियंत्रण, सकारात्मक सोच और जीवन में संतुलन बनाए रखना बेहद आवश्यक है। शिक्षकों को यह भी समझाया कि वे विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति को समझकर उन्हें समय पर सही दिशा और सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके भावनात्मक और सामाजिक पहलुओं को भी मजबूत करना जरूरी है। वेन्यू डायरेक्टर संजीत वत्स और प्राचार्य सुनील शर्मा ने संसाधन व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।



**गन्नौर।** क्षमता निर्माण कार्यक्रम का वेन्यू डायरेक्टर संजीत वत्स और प्राचार्य सुनील शर्मा कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

### डॉ. कामाक्षी को मिला भारत सम्मान अवार्ड

**सोनीपत।** एनचांटेड सेल्फ काउंसलिंग सर्विसेज की संस्थापक डॉ. कामाक्षी को दिल्ली में आयोजित भव्य ग्लोबल अवार्ड समारोह में "भारत सम्मान" से सम्मानित किया गया।



डॉ. कामाक्षी।

इस आयोजन में देश-विदेश से जुड़ी कई नामी हस्तियां, राजनेता, डॉक्टर, शिक्षाविद और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. कामाक्षी को "हरियाणा की सर्वश्रेष्ठ साइकोलॉजिस्ट" की उपाधि दी गई।

# डा. हार्डिकर के योगदान को किया याद

- युवाओं को डा. हार्डिकर के आदर्शों से जोड़ा जाएगा : कमल दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** डा. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान एवं अन्य।

सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डा. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि डा. हार्डिकर ने समाजसेवा, शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। वे हमेशा देश की एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए कार्यरत रहे। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सब यह संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों और दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने कहा कि डा. हार्डिकर न केवल स्वतंत्रता आंदोलन के प्रखर योद्धा थे, बल्कि शिक्षा और सामाजिक सुधार की दिशा में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतपाल चौहान, प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा, जसबीर आंतिल, प्रेमनारायण गुप्ता, दयानंद बाल्मीकि, इंद्रपाल, आजाद, ईसाक मदार, सुरेंद्र भारती व रविंद्र मलिक समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# तंत्र क्रिया के नाम पर किया दुष्कर्म आरोपी को दस साल कैद की सजा

- अदालत ने दोषी पर दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया, अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र में युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह की अदालत ने दोषी को सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोषी ने तंत्र क्रिया के नाम पर पीड़िता के परिवार का इलाज करने के नाम पर दुष्कर्म किया था।

सदर थाना क्षेत्र की 20 वर्षीय युवती ने 11 अक्तूबर, 2021 को सदर थाना पुलिस को बताया था कि उनके पड़ोस में रहने वाले आनंद नाम के युवक का उनके घर आना जाना था। वह उनके क्षेत्र में किराए पर रहता था। वह तंत्र क्रिया से इलाज करने का दावा करता था। आरोपित उसे दो माह से कोई नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ जबरदस्ती करता था। वह विरोध करने पर परिवार को मारने की धमकी देता था। आरोपित ने 11 अक्टूबर, 2021 को भी उसे अपने कमरे में ले जाकर कोई नशीला पदार्थ पिलाकर जबरदस्ती थी। विरोध करने पर उसे मारने की कोशिश की थी। उसके परिजनों ने उसे बचाया था। जिस पर मामले से पुलिस को अवगत कराया था। सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। तत्कालीन जांच अधिकारी सीमा की टीम ने आरोपित आनंद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जहां उसे जेल भेज दिया गया था।

# पार्षदों ने लगाया पक्षपात का आक्षेप

- विकास कार्यों को लेकर नगर पालिका की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** परिषदों की बैठक लेते चेयरमैन हीरालाल

विकास कार्यों को लेकर नगर पालिका की आम सभा नपा अध्यक्ष हीरालाल इंदौरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि शहर के मुख्य मार्गों पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए मार्गों व नालों के लेवल की जांच की जाएगी और इसके के लिए किसी निजी एजेंसी की सेवाएं ली जाएंगी। कर्मचारी समय के पाबंद रहें, इसलिए हाजिरी लगाने के लिए बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाएगी। नपा कार्यालय में बाहरी लोगों के हस्ताक्षेप को बंद करने को सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। नगर पालिका जमीन की मलकीत संबंधी जो केस न्यायालय से जीत चुकी है, उन जमीनों की चार दीवारी करायी जाएगी। शहर के 16 वार्डों में से 9 वार्डों में ठेकेदार द्वारा नियमानुसार काम न किए जाने की स्थिति में टेंडर रद्द किए जाएंगे। नई कॉलोनियों के विकास पर जो राशि खर्च की गई उसकी रिपोर्ट तैयार करके अनुदान की मांग की जाएगी। डोर टू डोर गंदगी उठान की व्यवस्था को सुधारा जाएगा। कुत्तों के आंतक से राहत दिलाने को आवारा कुत्तों की नसबंदी कराई जाएगी। आईटीआई के पास बने स्टेडियम में उगी घास की सफाई राई जाएगी। पार्षद संजय पंवार ने विकास कार्यों में पक्षपात का आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार किया। पार्षद अनूप दहिया ने आक्षेप लगाया कि अवैध बस्तियों में विकास कार्यों को तरजीह दी जा रही है जबकि अन्य वार्डों की उपेक्षा की जा रही है। नपा सचिव पंकज जून ने बताया कि नंदी शाला में सूखा व हरा चारा उपलब्ध कराने, बंदरों को पकड़वाने, नौ सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव की दिशा में कदम बढ़ाया जा चुका है। चेयरमैन हीरालाल ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि शहर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।



**सोनीपत।** पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या व कोच।

### रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में चमके शिवा शिक्षा सदन के सितारे

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित एसजीएफआई रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक जीते और विद्यालय को गौरवान्वित किया। अंडर-17 क्वाड कैटेगरी में कक्षा 8वीं की छात्रा हिमानी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसी प्रकार अंडर-19 क्वाड कैटेगरी में कक्षा 7वीं की पायल ने कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं अंडर-19 इनलाइन कैटेगरी में कक्षा 10वीं के जयंन्त ने भी कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का परचम लहराया। विद्यालय के निदेशक अरुण बंसल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि विद्यार्थी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगामी प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने आशा व्यक्त कि आने वाले समय में वे और भी बड़े मुकाम हासिल करेंगे।

---



**खरखौदा।** प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर दर्शाते विद्यार्थी।

### राजकीय महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चंचल ने मारी बाजी

**खरखौदा।** शहीद दलवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्लेसमेंट सेल द्वारा उद्यमिता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस गतिविधि का आयोजन जगबीर सिंह व प्लेसमेंट सेल सदस्य डा रेखा की देखरेख में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल बी.ए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान प्रिया बी.ए. तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान एम.ए प्रथम वर्ष की छात्रा स्वीटी ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका नीरा, सुमन व डा. अनीता राणा ने निभाई। जिन्होंने प्रतिभागियों के द्वारा बनाये गए पोस्टर्स का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर डॉ. योगेश बाजवान, डॉ. दर्शना तथा विनोद मालिक उपस्थित रहे।

**मांग** विधायक निखिल मदान ने शहर वासियों की समस्या को विधानसभा में रखा

## सरकार से समाधान की मांग रखी

# शहर की कुछ कालोनियों में बचे हुए अवैध हिस्से को भी वैध घोषित करे सरकार : मदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में शून्य काल के दौरान शहर वासियों से जुड़ी एक मुख्य समस्या को विधानसभा में रखा और सरकार से समाधान की मांग रखी।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि जिन व्यक्तियों द्वारा कभी पहले प्लाट/मकान/दुकान आदि खरीदा हुआ है तथा किसी कारण वह व्यक्ति अपना इन्तकाल मंजूर नही करवा सके। वे व्यक्ति प्लाट/मकान/दुकान आदि के मालिक होते हुए भी अपनी जमीन बेचने में असमर्थ है। क्योंकि इन्तकाल के बगैर राजस्व रिकार्ड ऑनलाइन नहीं हो पाता है इसलिये रजिस्ट्री करने वाला हैरिस सॉफ्टवेयर भी बगैर रिकार्ड ऑनलाइन हुए रजिस्ट्री नहीं उठा पाता है। शहरी क्षेत्रों में एक रजिस्ट्री के बाद दुसरी रजिस्ट्री उसके बाद अगली रजिस्ट्री की चैन बन जाती है। परन्तु कुछ कालोनियाँ जैसे बैय्यापुर, कालुपुर, रामनगर, विकास नगर, आदर्श नगर, पट्टी-जाटान, पट्टी-मुस्लमान, कच्चे क्वार्टर,जीवन नगर,तारा नगर, नंदवानी नगर, गढ़ी घसीटा, आनंद नगर व गढ़ी ब्रह्मणान के तो इन्तकाल ही नहीं है। अतः इन लम्बित इन्तकालो का एक विशेष अभियान चलाकर इन्तकाल मन्जूर करवाये जाये ताकि आम जन-मानस को इस समस्या से राहत मिल सकें।



**सोनीपत।** विधानसभा में अपनी बात रखते हुए विधायक निखिल मदान।

### लोगों को नहीं मिल पा रही बुनियादी सुविधाएं

विधायक निखिल मदान ने सदन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कुछ दिन पहले सोनीपत की विभिन्न कॉलोनीयों को वैध घोषित किया गया था। जिनमें कलावती विहार,मोहन नगर, मयूर विहार, जीवन विहार एक्सटेंशन, फौजी कॉलोनी आदि शामिल थी। लेकिन आज भी इन कालोनियों का कुछ हिस्सा नगर निगम के रिकॉर्ड में अवैध दिखाया जाता है ,जिसके चलते वहां विकास कार्य करने में दिक्कत आती है और लोगों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाती है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि उनकी मांग है कि इन सभी कॉलोनियों में पूरे क्षेत्र को वैद्य घोषित किया जाए ताकि नगर निगम द्वारा वहां पर विकास कार्य करवाए जा सके और उन लोगों को राहत मिल सके।